कोठारी इंटरनेशनल स्कूल,नोएडा

सत्रांत परीक्षा , 2023-24

कक्षा : 9 विषय : हिंदी बी/ कोड (085)

सेट – अ

दिनांक व दिन: 14 फरवरी 2024 , बुधवार **निर्धारित समय: 3 घंटे**

अधिकतम अंक: 80 **अनुक्रमांक: ----------**

नाम : _____

सामान्य निर्देश: *निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए:*

* *इस प्रश्न-पत्र में दो खंड है- खंड 'अ' और 'ब'*
* *खंड 'अ' में वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
* *खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। शब्द-सीमा के अनुसार उत्तर लिखें।*
* *परीक्षा पत्र में 13 पृष्ठ तथा 11 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।*

खंड- अ वस्तुपरक प्रश्न (40अंक)

प्रश्न1)i) 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- **(1X5=5)**

विद्या + अर्थी अर्थात् विद्या के हेतु जिसका जन्म हो वह है विद्यार्थी। लेकिन नित्य बढ़ती अनुशासनहीनता के कारण आजकल के विद्यार्थियों ने उसका अर्थ बदल दिया है। वह इस प्रकार है जो विद्या की अर्थी निकाल दे वही विद्यार्थी है। विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता के कारणों में संभवतः सर्वाधिक मुख्य कारण यह भी है कि प्रायः विद्यार्थी अनुशासन के लाभों से अपरिचित होते हैं। उन्हें ज्ञान नहीं होता कि अनुशासन से जीवन सुखी एवं शांत बन जाता है। अनुशासनहीनता का दूसरा कारण यह है कि आज की शिक्षा प्रणाली में आचरण को केवल व्यक्तिगत विषय समझ लिया गया है। विद्यार्थी को आचरण संबंधी शिक्षा नहीं दी जाती है तथा पुस्तकीय ज्ञान को ही सब कुछ मान लिया जाता है। फलतः विद्यार्थी की चंचल मानसिक प्रवृति निरंतर उदंडता की ओर उन्मुख होती चली जा रही है, अतः यह आवश्यक है कि हम अपनी शिक्षा पद्धति में सुधार करें तथा आचारशास्त्र को ही आरंभिक कक्षाओं में अनिवार्य तथा उच्च कक्षाओं में वैकल्पिक विषय के रूप में स्थान दें। इसके साथ ही हमें विद्यार्थियों को यह बताना चाहिए कि अनुशासन किस प्रकार से उनके भावी जीवन के विकास में सहायक बन सकता है। हमें विद्यार्थियों को इस बात की शिक्षा देनी चाहिए कि अनुशासन के माध्यम से मन पर नियंत्रण करने की कला भी आती है। मन को अपने वश में रखने की कला सीख लेने से यह लाभ होता है कि जीवन में प्रगति के पथ पर बढ़ते समय कोई रुकावट नहीं आती लेकिन जो व्यक्ति अपने मन पर शासन करने की कला में प्रवीण नहीं हो पाते,उन्हें सदैव परमुखापेक्षी (दूसरों का मुँह देखना) रहना पड़ता है।

(1) विद्यार्थियों में बढ़ती अनुशासनहीनता का मुख्य कारण क्या है ?

(क) खेल में अत्यधिक रुचि होना

(ख) अनुशासन के लाभों से परिचित न होना

(ग) मन का अत्यधिक चंचल होना

(घ) पुस्तकीय ज्ञान

(2) विद्यार्थियों को अनुशासन के लाभों से परिचित कराना आवश्यक है,क्योंकि-

(क) इससे उनका जीवन सुखी एवं शांत बनता है

(ख) ये पढाई में रुचि लेने लगते है

(ग) इससे उन्हें अनुशासन का महत्व ज्ञात होता है

(घ) ये आदर्श विद्यार्थी बन जाते है

(3) अनुशासनहीनता का दूसरा कारण क्या है?

(क) अच्छी पुस्तकों का अभाव

(ख) अच्छे शिक्षकों की कमी

(ग) शिक्षा-प्रणाली में आचरण की शिक्षा का अभाव

(घ) शिक्षण साधनों का अभाव

(4) मन को वश में रखने की कला सीखने का क्या कारण है?

(क) जीवन में प्रगति-पथ निर्वाध हो जाता है

(ख) कार्य-कुशलता का विकास होता है

(ग) शिक्षा-प्रणाली में आचरण की शिक्षा का अभाव

(घ) शिक्षण साधनों का अभाव

(5) निम्नलिखित कथन (A)तथा कारण (R)को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।

कयन (A): विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता का प्रमुख कारण है कि आज की शिक्षा प्रणाली में आचरण को केवल व्यक्तिगत विषय समझ लिया जाता है।

कारण (R): विद्यार्थियों को आचरण-संबंधी शिक्षा नहीं दी जाती तथा पुस्तकीय ज्ञान को ही सब कुछ मान लिया जाता है।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो गलत हैं।

(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही हैं तथा कारण (R) कथन (A)की सही व्याख्या करता है|

ii) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - **(1×5=5)**

मनुष्य के जीवन में हास्य का विशेष महत्त्व है। हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है। जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम-से-उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी-से-अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है। पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ। हँसी कितने ही कला-कौशलों से भली है। जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे,उतनी ही आयु बढ़ेगी। एक यूनानी विद्वान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर खीझने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीट्स 109 वर्ष तक जिया। हँसी-खुशी का नाम जीवन है। जो रोते हैं, उनका जीवन व्यर्थ है। कवि कहता है- "जिंदगी ज़िंदादिली का नाम है, मुर्दा दिल क्या खाक जिया करते हैं।" मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्वान ने पुस्तक लिखी है। उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास-से-उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है। आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुःख की दीवारों को ढा सकते हैं। प्राण-रक्षा के लिए सदा सब देशों में उत्तम-से-उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है। सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंदरूपी मंत्र सुनाता है। एक अंग्रेज़ डॉक्टर कहता है कि किसी नगर में दवाई लदे हुए बीस गधे ले जाने से एक हँसोड़ आदमी को ले जाना अधिक लाभकारी है। डॉक्टर हस्फलेंड ने एक पुस्तक में आयु बढ़ाने का उपाय लिखा है। वह लिखता है कि हँसी पाचन के लिए बहुत उत्तम चीज़ है, इससे अच्छी औषधि और नहीं है। एक रोगी ही नहीं,सबके लिए हँसी बहुत काम की वस्तु है।

(1) गद्यांश के अनुसार,हँसी क्या है?

(क) एक पागलपन है

(ख) भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है

(ग) दुःख की अभिव्यक्ति है

(घ) दूसरों का उपहास है

(2) शरीर को स्वस्थ रखने की सबसे अच्छी दवा क्या है?

(क) व्यायाम

(ख) अच्छा भोजन

(ग) खिलखिला कर हँसना

(घ) ताजी हवा का सेवन

(3) पुराने समय में लोगों ने हँसी को महत्त्व क्यों दिया?

(क) हँसी से धन-दौलत प्राप्त होती है|

(ख) हँसी से यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है|

(ग) हँसी से आयु बढ़ती है|

(घ) हँसी से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं|

(4) हँसी को एक शक्तिशाली इंजन के समान क्यों कहा गया है?

(क) इससे कठिन-से-कठिन कार्य किया जा सकता है|

(ख) इससे शोक और दुःख की दीवारों को ढा सकते हैं|

(ग) इससे हम आत्मरक्षा कर सकते हैं|

(घ) इससे शत्रुओं पर विजय प्राप्त की जा सकती है|

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1) केवल (क)

2) (ख) और (ग)

3) (ग) और (घ)

4) केवल (ख)

(5) निम्नलिखित कथन (A)तथा कारण (R)को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A) पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ।

कारण (R) हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है।

(क) कथन (A)तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

(ख) कथन (A)गलत है लेकिन कारण (R) सही है

(ग) कथन (A)सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन (A)तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

प्रश्न2)i) व्याकरण पर आधारित निम्न प्रश्नों के सही उत्तर लिखें - (1x2=2)

(क) 'रामायण ' क्या है?

1. शब्द
2. पद
3. दोनों
4. वर्ण

(ख) जब शब्दों में व्याकरण के नियम लगा दिए जाते हैं तब शब्द क्या कहलाते हैं ?

1. पद
2. वर्ण
3. समास
4. संधि

ii) अनुस्वार -अनुनासिक पर आधारित निम्न प्रश्नों में से किन्हीं दो के सही विकल्प लिखें-(1x2=2)

(क) उचित स्थान पर अनुनासिक वाला विकल्प है –

1. काव्याँश
2. काँपना
3. कॉपी
4. मँत्र

(ख) सही अनुस्वार युक्त शब्द है –

1. संसार
2. चांदनी
3. पथं
4. कांच

(ग) अनुनासिक के प्रयोग वाले शब्द पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए-

1. आँख
2. आसूँ
3. साँस
4. ऑक्सीजन

विकल्प-

क) केवल (1)

ख) (2) और (3)

ग) (1) और (3)

घ) (2) और (4)

iii) उपसर्ग–प्रत्यय पर आधारित निम्न प्रश्नों में से किन्हीं चार के सही विकल्प लिखें- (1x4=4)

(क) 'प्रयोग 'में कौन -सा उपसर्ग प्रयुक्त है -

1. प
2. प्रयो
3. प्र
4. प्राय

(ख) 'लिखावट'में किस प्रत्यय का प्रयोग है ?

1.खवट

2.आवट

3.वट

4. अवट

(ग) 'आ' उपसर्ग किस मूल शब्द में जोड़ने पर सार्थक शब्द बनेगा ?

1. दृश्य
2. तिथि
3. पूर्ति
4. संख्य

(घ) प्रत्यय मूल शब्द के ---------- में जुड़ते हैं | रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित शब्द है -

1. प्रारंभ में
2. मध्य में
3. अंत में
4. प्रारंभ और अंत में

(ङ)'अधिकार' में प्रयुक्त उपसर्ग है –

1. अ
2. अधि
3. अधिक
4. कार

iv) विराम चिह्नों पर आधारित निम्न प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के सही विकल्प लिखें - (1×2=2)

निम्नलिखित वाक्य में किन-किन विराम-चिह्नों का प्रयोग हुआ है?

(क) कोई इसके खरबूज़े खा ले तो उसका ईमान –धर्म कैसे रहेगा ? क्या अंधेर है !

1. विस्मयवाचक, योजक एवं पूर्णविराम
2. विस्मयवाचक, अल्प एवं पूर्ण विराम
3. योजक , प्रश्नचिह्न एवं विस्मयवाचक
4. हंसपद, योजक एवं पूर्ण विराम

(ख) विराम-चिह्नों के सही प्रयोग वाला वाक्य चुनकर लिखिए-

1. श्री कृष्ण ने कहा था – "कर्म करो , फल की चिंता मत करो !"
2. श्री कृष्ण ने कहा था – "कर्म करो) फल की चिंता मत करो !"
3. श्री कृष्ण ने कहा था –'कर्म करो ? फल की चिंता मत करो !'
4. श्री कृष्ण ने कहा था –(कर्म करो , फल की चिंता मत करो)

(ग) 'आकाश – पाताल ' में किस विराम चिह्न का प्रयोग हुआ है ?

1. विवरण चिह्न
2. योजक चिह्न
3. निर्देशक चिह्न
4. लाघव चिह्न

(घ) 'लाघव चिह्न ' कौन-सा है ?

1 . “……..”

2. :

3. ०

4. ;

v) निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए- **(1x3=3)**

(क) निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य ‘संकेतवाचक’ है?

1. अच्छा ! तो यह सब नुक्सान तुमने किया है।

2. यदि मेहनत करोगे तो अवश्य सफलता प्राप्त करोगे |

3. काश! तुम स्कूल जाते |

4. मैंने पुस्तक पढ़ ली है ।

(ख) “ईश्वर करे , तुम जीवन भर फलते –फूलते रहो |” वाक्य का कौन –सा भेद है ?

1. विस्मयवाचक

2. विधानवाचक

3. निषेधवाचक

4. इच्छावाचक

(ग) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-

1. तालाब में कमल खिल रहे हैं।	विधानवाचक
2. जब तुम आओगे, तभी मैं चलूँगा।	संदेहवाचक
3. लगता है, सब सो गए हैं।	प्रश्नवाचक
4. सभी यहाँ बैठें	आज्ञावाचक

उपर्युक्त युग्मों मैं से कौन से सही सुमेलित हैं ?

क) (1) और (2)

ख) (2) और (3)

ग) (1) और (4)

घ) (3) और (4)

घ) बच्चों ने घर की सफ़ाई की - वाक्य का विस्मयवाचक भेद कौन- सा है ?

1. वाह! बच्चों ने घर की सफ़ाई की |

2. बच्चों , घर की सफ़ाई करो!

3. काश ! बच्चे घर की सफ़ाई करते |

4. बच्चे घर की सफ़ाई क्यों नहीं करते ?

vi)निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए- **(1×3=3)**

(क) दो वर्णों के मेल से होने वाला विकार क्या कहलाता है ?

1. समास
2. संधि
3. प्रत्यय
4. उपसर्ग

(ख) निम्नलिखित में से दीर्घ संधि का उदाहरण है-

1. महेश
2. रमेश
3. भोजनालय
4. महर्षि

(ग) 'मतानुसार ' का उचित संधि विच्छेद है-

1. माता +अनुसार
2. मात +अनुसार
3. मता + अनुसार
4. मत + अनुसार

(घ) 'भानु + उदय ' की संधि है-

1. भानोदय
2. भानदय
3. भानुदय
4. भानूदय

प्रश्न3) i) निम्न पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखें – **(1x5=5)**

मेरी साँस मानो रुक गई थी। मुझे विचार कौंधा कि सफलता बहुत नज़दीक है। 23 मई 1984 के दिन एक बजकर सात मिनट पर मैं एवरेस्ट की चोटी पर खड़ी थी। एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली मैं प्रथम भारतीय महिला थी। एवरेस्ट शंकु की चोटी पर इतनी जगह नहीं थी कि दो व्यक्ति साथ-साथ खड़े हो सकें। चारों तरफ़ हज़ारों मीटर लंबी सीधी ढलान को देखते हुए हमारे सामने प्रश्न सुरक्षा का था। हमने पहले फावड़े से बर्फ़ की खुदाई कर अपने आपको सुरक्षित रूप से स्थिर किया। इसके बाद,मैं अपने घुटनों के बल बैठी, बर्फ़ पर अपने माथे को लगाकर मैंने 'सागरमाथे'के ताज का चुंबन लिया। बिना उठे ही मैंने अपने थैले से दुर्गा माँ का चित्र और हनुमान चालीसा निकाला। मैंने इनको अपने साथ लाए लाल कपड़े में लपेटा, छोटी-सी पूजा-अर्चना की और इनको बर्फ़ में दबा दिया। आनंद के इस क्षण में मुझे अपने माता-पिता का ध्यान आया।

(क) एवरेस्ट की चोटी पर सुरक्षा का प्रश्न क्यों उठा ?

1.क्योंकि बचेंद्री एवरेस्ट की चोटी पर पहुँच गई थीं |
2. वहाँ दो व्यक्ति एक-साथ खड़े नहीं हो पाते थे |
3. हजारों मीटर लंबी ढलान थी जो सुरक्षित थी|
4. फावड़े से बर्फ़ की खुदाई कठिन कार्य था |

(ख) सुरक्षा के लिए उन्होंने क्या किया ?

1. वे एक-एक करके वहाँ खड़े हुए |
2. अंगदोरजी और लेखिका ने फावड़े से खुदाई करके वहाँ खड़े होने की जगह बनाई |
3. अंगदोरजी और लेखिका ने बारी-बारी शिखर पर चढ़ाई की |
4. उन्होंने धरातल की खोज की, ताकि वे वहाँ खड़े हो सकें |

(ग) 'सागरमाथे' पर बचेंद्री ने क्या किया ?

1. उन्होंने सागरमाथे के ताज का चुंबन लिया |
2. उन्होंने अपने थैले से शंकर भगवान का चित्र तथा दुर्गा चालीसा निकाला |
3. वे घुटनों के बल बैठीं |
4. छोटी-सी पूजा करके दुर्गा माँ का चित्र और हनुमान चालीसा को लाल कपड़े में लपेट कर चोटी पर बर्फ़ में दबा दिया|

विकल्प-

(क) केवल (1)

(ख) (1), (2) और (3)

(ग) (1), (3)और (4)

(घ) (2) और (4)

(घ) आनंद के इस क्षण में लेखिका को किसकी याद आई ?

1. अपने अध्यापकों की
2. अपने दल के सदस्यों की
3. अपने माता-पिता की
4. दुर्गा माँ तथा हनुमान जी की

(ङ) निम्नलिखित कथन (A) एवं कारण (R)को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए –

कथन (A) - बचेंद्री पाल ने एक कीर्तिमान स्थापित किया |

कारण (R)– वे एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली प्रथम भारतीय महिला थी।

1. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है |
2. कथन (A) गलत है लेकिन कारण(R) सही है |
3. कथन(A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है |
4. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है |

(ii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- **(1×2=2)**

(क) जब लेखक के घर अतिथि आया तब लेखक की दशा क्या हो गई ?

1. उसका हृदय अज्ञात आशंका से धड़क उठा
2. बटुआ काँप उठा
3. (1)-(2) दोनों
4. बेमन से अतिथि का स्वागत किया

(ख) निम्नलिखित में से कौन-सा / कौन-से वाक्य 'शुक्रतारे के समान 'पाठ के संबंध में सही है/हैं -

1. पाठ में महादेव देसाई के अक्षरों का कोई सानी नहीं था, बताया गया है |
2. पाठ में गाँधीजी को शुक्रतारे के समान बताया गया है |
3. पाठ में महादेव को गाँधीजी का वारिस बताया गया है |
4. पाठ में गाँधीजी को महादेव का पीर, बावर्ची, भिश्ती ,खर कहा गया है |

विकल्प-

क) केवल (1)

ख) (1) और (2)

ग) (1) और (4)

घ) (1) और (3)

प्रश्न4 i) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए- **(1x5=5)**

वृक्ष हों भले खड़े,
हों घने, हों बड़े,
एक पत्र-छाँह भी माँग मत. माँग मत, माँग मत!
अग्नि पथ! अग्नि पथ! अग्नि पथ!
तू न थकेगा कभी!
तू न थमेगा कभी
तू न मुड़ेगा कभी!
कर शपथ, कर शपथ, कर शपथ!

(1) कौन खड़े हों ?

(क) पत्र
(ख) अग्नि
(ग) वृक्ष
(घ) पथ

(2) कवि क्या माँगने को मना करता है ?

(क) एक पत्ता छाया भी

(ख) थोड़ा सा आश्रय भी

(ग) (क)-(ख) दोनों

(घ) कुछ भी

(3) यह पथ कैसा है ?

(क) अग्निपथ

(ख) ज्वाला पथ

(ग) सूर्य पथ

(घ) विजय पथ

(4) कवि क्या शपथ लेने को कहता है ?

(क) कभी न दौड़ने की , न थमने की

(ख) कभी न थकने , न रुकने, न मुड़ने की

(ग) कभी न माँगने की , न देने की

(घ) कभी न बैठने की, न उठने की

(5) इस कविता के रचयिता कौन हैं ?

(क) अमिताभ बच्चन

(ख) हरिवंशराय बच्चन

(ग) सुमित्रानंदन पंत

(घ) राम धारी सिंह 'दिनकर'

(ii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- **(1×2=2)**

(क) कवि रैदास को किसकी रट लग गई है ? –

1. राम नाम की
2. कृष्ण नाम की
3. शिव नाम की
4. महादेव नाम की

(ख) रहीमदास जी प्रेम के धागे को कैसे तोड़ने से मना करते हैं ?

1. धीरे से
2. जोर से
3. चटकाकर
4. खींचकर

खंड-ब वर्णनात्मक (40 अंक)

प्रश्न5) निम्न प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखें - (3X2=6)

क) आपने पाठ 'दुख का अधिकार' में पढ़ा कि खरबूज़े बेचने वाली स्त्री से कोई खरबूज़ा नहीं खरीद रहा था? इसका क्या कारण था? आपका विचार पाठ में वर्णित लोगों के विचारों से कैसे भिन्न है? तर्क सहित उत्तर दीजिए |

ख) 'शुक्रतारे के समान' पाठ में शुक्रतारे से किसकी तुलना की गई है और क्यों ? आप अपने किन गुणों पर गर्व करते हैं ? किसी समाज के लिए आपके ये गुण क्यों आवश्यक हैं ? अपने विचार लिखिए|

ग) चंद्रशेखर वेंकटरामन के लिए नौकरी संबंधी कौन-सा निर्णय लेना कठिन था ? उनका निर्णय उनके व्यक्तित्व के किस गुण को उजागर करता है ? आपको उनके इस गुण से अपने जीवन के लिए क्या सीख मिलती है ?

प्रश्न6) निम्न प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखें - (3X2=6)

क) जहाँ काम आवे सुई , कहा करे तरवारि- रहीम जी के इस दोहे का क्या अर्थ है ?आप अपने दैनिक जीवन में इस दोहे की सीख को कैसे अपनाएँगे ?

ख) 'गीत–अगीत' कविता के आधार पर लिखें कि जब शुक गाता है तब शुकी के ह्रदय पर क्या प्रभाव पड़ता है ? आपको शुक और शुकी में कौन अधिक प्रभावित करता है ? कारण सहित लिखें |

ग) खुशबू रचते हैं हाथ – कविता के माध्यम से मिलने वाले संदेश को अपने शब्दों में लिखें |

प्रश्न7) निम्न प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखें - (3X2=6)

क) "दृढ संकल्प से दुविधा की बेड़ियाँ कट जाती हैं" – 'स्मृति' पाठ के आधार पर इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

ख) पाठ 'मेरा छोटा- सा निजी पुस्तकालय' के लेखक को किताबें पढ़ने और सहेजने का शौक कैसे लगा ? आपके क्या शौक हैं ? आप अपने शौक के लिए क्या – क्या करते है ?

ग) पाठ 'कल्लू कुम्हार की उनाकोटी' में त्रिपुरा राज्य के बारे में आपने क्या जाना ? आपको वहाँ की क्या विशेषताएँ अच्छी लगीं ? अपने विचार लिखें |

प्रश्न8) दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर (120 शब्दों में) एक अनुच्छेद लिखें | (6)

(क) जीवन में सरसता लाते त्योहार

संकेत बिंदु- त्योहारों का देश भारत ,नीरसता भगाते त्योहार , त्योहारों के लाभ , त्योहारों पर महँगाई का असर

(ख) परिश्रम ही जीवन का आधार

संकेत बिंदु- परिश्रम का अर्थ , जीवन में उसकी उपयोगिता , सफलता की कुंजी

प्रश्न9) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय पर (120 शब्दों में) एक पत्र</u> लिखें | **(6)**

क) आपका छोटा भाई अपने जन्मदिन पर महँगा मोबाइल फ़ोन चाहता है | अध्ययन काल में मोबाइल फ़ोन के दुष्प्रभावों का वर्णन करते हुए उसे पत्र लिखें |

ख) विद्यालय में संपन्न विविध गतिविधियों का उल्लेख करते हुए अपने चचेरे भाई / चचेरी बहन को पत्र लिखिए |

प्रश्न10) निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक विषय पर (100 शब्दों में) संवाद</u> लिखें | **(5)**

क) अपने भविष्य के बारे बातचीत करते हुए दो छात्रों के मध्य संवाद

ख) सोसायटी में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक पर दो महिलाओं के मध्य संवाद

प्रश्न11) निम्न चित्र का वर्णन (100 शब्दों में) करें- **(5)**